मंगोलिया के संसदीय शिष्टमंडल ने लोक सभा अध्यक्ष से भेंट की

नई दिल्ली, 01 दिसंबर, 2021: मंगोलिया के स्टेट ग्रेट हुरल (संसद) के चेयरमैन, महामहिम श्री गोम्बोजव जेंडनशतार के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए मंगोलिया के संसदीय शिष्टमंडल ने आज संसद भवन में लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला से मुलाकात की।

प्रारंभ में, श्री बिरला ने महामहिम, श्री गोम्बोजव जेंडनशतार और मंगोलिया के शिष्टमंडल की भारत यात्रा के लिए आभार व्यक्त किया। श्री बिरला ने दोनों देशों के बीच संस्कृति, परंपराओं, मानवाधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय स्थिरता के साझे मूल्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष रूप से सुरक्षा, रक्षा और सामरिक आर्थिक सहयोग के मामलों में घनिष्ठ संबंध रहे हैं।

अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पर आधारित द्विपक्षीय सहयोग पर आगे अपने विचार रखते हुए, श्री बिरला ने कहा कि भारत की विशेषज्ञता से दोनों देशों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में और अधिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। आर्थिक सहयोग के बारे में श्री बिरला ने कहा कि भारत और मंगोलिया दोनों देशों की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने के लिए खनन और खनिज अन्वेषण, जल विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सर्वोत्तम प्रथाओं, नई तकनीक और नवाचारों को साझा करके दोनों देश प्रगति कर सकते हैं और दोनों संसदों के संबंध मजबूत हो सकते हैं।

श्री बिरला ने पर्यटन और व्यापार के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच और अधिक सार्थक सहयोग की बात भी की। श्री बिरला ने कहा कि बड़ी संख्या में तीर्थयात्री भारत में बौद्ध धार्मिक स्थानों की यात्रा पर आते हैं; उन्होंने कहा कि इसी तरह मंगोलिया बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग के लिए एक गंतव्य स्थान बन सकता है जिससे दोनों देशों के बीच पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है।

शिष्टमंडल के सदस्यों ने कोविड-19 महामारी के कठिन दिनों में भारत द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। टीकाकरण और चिकित्सा उपकरण आदि के मामले में भारत द्वारा दी गई सहायता की भी सराहना की गई। शिष्टमंडल ने मंगोलिया में सक्रिय समर्थन और तकनीकी जानकारी के साथ एक रिफाइनरी के निर्माण में अपना सहयोग देने के लिए भारत का आभार व्यक्त किया। कोविड उपरांत वैश्विक आर्थिक सुधार में भारत की भूमिका की भी सराहना की गई। प्रतिनिधियों ने टिप्पणी की कि दोनों देशों के मजबूत द्विपक्षीय संबंध राजनीतिक विश्वास पर आधारित हैं। प्रतिनिधियों ने प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंगोलिया की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक नया आयाम आया।

श्री बिरला शिष्टमंडल के सदस्यों को नए संसद भवन के निर्माण स्थल पर ले गए। सभी प्रतिनिधि नए संसद भवन की वास्तुकला और डिजाइन को देखकर रोमांचित थे।

इससे पहले आज सभा की कार्यवाही की अध्यक्षता करते हुए, श्री बिरला ने लोक सभा की ओर से वीआइपी गैलरी से सदन की कार्यवाही देखने के लिए आए हुए शिष्टमंडल के सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

यह शिष्टमंडल भारत की संसद के निमंत्रण पर पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आया है। 4 दिसंबर, 2021 को शिष्टमंडल लोक लेखा समिति के शताब्दी वर्ष समारोह में भाग लेगा।